हरिभूमि


# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

9 सेवा पखवाड़े में शिक्षकों ने किया पौधरोपण



10 आरजू ने जीता मिस हरियाणा का खिताब



## खबर संक्षेप

### जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 21-22 को

**बहादुरगढ़।** जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 21-22 सितंबर को सराय औरंगाबाद में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव भीम अवार्डी चरण सिंह राठी ने बताया कि सरपंच राकेश राठी की निगरानी में खेल प्रतियोगिता की तैयारी चल रही है। मुख्य अतिथि सांखोल निवासी प्रदीप राठी, कमांडेंट सरोज जाखड़ सिहाग व ओलंपियन संत कुमार होंगे। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18 व अंडर-20 के लड़के एवं लड़कियों की प्रतियोगिताएं होंगी। इस दौरान 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3 किलोमीटर व 5 किलोमीटर दौड़ होगी। तीन व 5 किलोमीटर पैदल चाल भी होगी। लंबी कूद, तरी कूद, जैवलीन थ्रो, हैमर थ्रो, गोला थ्रो व डिसकस थ्रो की स्पर्धा होगी।

### 23 के प्रदर्शन के लिए किया जनसंपर्क

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने कामरेड रामकिशन व राजबीर छिल्लर की अगुवाई में वीरवार को लाइनपार की कॉलोनियों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 23 सितंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले धरने प्रदर्शन का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर विद्या देवी, भटेरी, सुभाष खत्री, प्रकाश तहलान, मनोज, ईश्वर शर्मा, सुनील दलाल और सतपाल आदि मौजूद रहे।

### माइनर में मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**बहादुरगढ़।** गांव आसौदा से गुजर रही हुडा माइनर में एक युवक का शव मिला है। शव आठ से दस दिन पुराना बताया जा रहा है, शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना बुधवार देर शाम की है। किसी राहगीर की नजर माइनर किनारे अटके शव पर गई तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद शव को बहादुरगढ़ को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया। जांच के लिए फोरेंसिक टीम भी बुलाई गई। मृतक की उम्र करीब 36 वर्ष आंकी जा रही है। जांच अधिकारी रजनीश कुमार का कहना है कि संभवतः पांव फिसलकर युवक डूबा होगा। बाकी असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी।

### नूना माजरा में सड़क पर मिला शव

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा में झज्जर रोड पर एक व्यक्ति का शव मिला। व्यक्ति के चेहरे पर चोट के निशान हैं। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव रखवा दिया है। परिजनों के बयान के बाद पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी। घटना वीरवार सुबह की है। यहां झज्जर रोड पर सड़क पर मुंह के बल एक व्यक्ति पड़ा हुआ था। किसी ने नजदीक जाकर देखा तो उसकी सांसें थमी हुई थी। इस दौरान मृतक की पहचान अनिल के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, अनिल पश्चिम बंगाल का निवासी है। पिछले कुछ समय से यहां नूना मजरा में रह रहा था और दिहाड़ी मजदूरी करता था। इन दिनों यहां झज्जर रोड स्थित हाउसिंग सोसाइटी में मजदूरी कर रहा था।

### धर्मकांटे के बाहर से बाइक चोरी, केस

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी में स्थित एक धर्मकांटे के बाहर से बाइक चोरी हो गई। कंझावला के निवासी मुकेश का कहना है कि वह बीएसएफ से सेवानिवृत्त है और फिलहाल बतौर गार्ड गेल गैस पाइप लाइन की सुरक्षा करता हूं। गत 16 सितंबर की रात को लाइन चेकिंग के बाद धर्मकांटे के बाहर बाइक खड़ी कर सो गया। बुधवार की सुबह उठा तो बाइक नहीं मिली।

---

**छावनी मोहल्ला के मंदिर से भगवान की प्रतिमा चोरी होने से श्रद्धालुओं में गुस्सा, मंदिर समिति के चेयरमैन ने पुलिस को दी शिकायत**

# 2 मिनट में दुर्गा माता मंदिर से लड्डू गोपाल की अष्टधातु से निर्मित प्रतिमा चुरा ले गई दो महिलाएं

**चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद :** दोपहर 2. 48 मिनट पर महिलाएं मंदिर में आईं और पॉलीथिन में प्रतिमा डाल ले गईं

**शीश नवाने का नाटक कर चढ़ावा उठाया :** ठाकुर जी की प्रतिमा चोरी करने के बाद मंदिर के कपाट बंद कर फरार


**झज्जर।** छावनी मोहल्ला स्थित दुर्गा माता मंदिर में स्थापित लड्डू गोपाल की प्रतिमा चोरी हो गई। शाम को जब मंदिर का पुजारी पूजा-अर्चना करने मंदिर के गृभगृह पहुंचा तो वहां ठाकुर जी की छोटी प्रतिमा गायब थी। मंदिर के पुजारी केशव भारद्वाज के अनुसार अष्टधातु से निर्मित यह छोटी प्रतिमा करीब चार सौ ग्राम वजनी थी। इसके बाद जब मंदिर में लगे सीसीटीवी चेक किए गए तो उनमें दो संदिग्ध महिलाएं मंदिर में प्रवेश करते हुए दिखाई देती हैं।



झज्जर। सीसीटीवी में कैद हुई प्रतिमा चोरी की वारदात।

### मंदिर में घुसते ही सीधे पालने के पास पहुंची

दोपहर 2 बजकर 48 मिनट पर एक महिला जो अपने साथ एक पीले रंग की पॉलीथिन हाथ में लिए हुएं थी वह मंदिर में प्रवेश करते हुए सीधे ठाकुर जी के पालने की ओर बढ़ती है। जिसके तुरंत बाद दूसरी महिला भी आ जाती है। इसके बाद वह संदिग्ध महिला ठाकुर जी के पालने से चढ़ावा उठाती है। उसके बाद दोनों महिलाएं थोड़ी देर में अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा के समक्ष मन्नत मांगने का स्वांग भरती है। उसके बाद आनन-फानन में हाथों में पीले रंग की पॉलीथिन रखने वाली फिर से ठाकुर जी के पलने की ओर हाथ बढ़ाती है और उन्हें उठाकर अपनी पॉलीथिन में डाल लेती है। इसके बाद दोनों महिलाएं मंदिर के कपाट ढालती हुए बाहर निकल जाती है। इस संबंध में जब मंदिर समिति के चेयरमैन दयाराम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें मंदिर में चोरी की घटना का पता चला है। वे मंदिर पहुंच कर चोरी हुए सामान का जायजा लेंगे उसके बाद ही पुलिस को शिकायत दी जाएगी।



चोरी की बाद खाली पड़ा पालना

---

**बहादुरगढ़ की ओमेक्स स्थित शुभांगन सोसायटी में चल रहा था फर्जी कॉल सेंटर**

# विदेशी नागरिकों से करते थे ठगी पुलिस ने फ्लैट से 18 को धर दबोचा

**पांच आरोपी रिमांड पर, कोर्ट ने 13 को जेल भेजा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

साइबर थाना पुलिस ने विदेशी नागरिकों से ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने बहादुरगढ़ के ओमेक्स स्थित शुभांगन सोसायटी में संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारकर 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से पांच आरोपियों को पांच दिन के रिमांड पर लिया है, जबकि 13 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह के मुताबिक, साइबर क्राइम थाना झज्जर को सूचना मिली थी कि ओमेक्स शुभांगन सोसायटी के टावर नंबर-17 की सातवीं मंजिल पर फ्लैट नंबर 701 में मयंक उर्फ एरिक और सन्नी निवासी दिल्ली अपने साथियों के साथ बिना लाइसेंस के फर्जी कॉल सेंटर चला रहे हैं। ये विदेशी नागरिकों को तकनीकी सहायता देने के नाम पर ठगी करते हैं। इस पर निरीक्षक सोमबीर की अगुवाई में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने छापा मारा तो फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद मिला। टीम ने दरवाजा खुलवाकर अंदर प्रवेश किया तो कुछ युवक हेडफोन लगाकर शार्क पीबीएक्स डीलर सिस्टम के माध्यम से विदेशी ग्राहकों से अंग्रेजी में बात कर रहे थे। अलग-अलग कमरों में युवक लैपटॉप और हेडफोन के जरिए ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे।

**गूगल पर फर्जी कस्टमर केयर नंबर डालकर विदेशी नागरिकों को फंसाते थे**



### 40 से 50 हजार रुपये वेतन मिलता था

दरअसल, अमेरिका में तकनीकी सहायता चाहने वाले लोग जब गूगल पर कस्टमर केयर नंबर खोजते थे, तो ठगों द्वारा बनाया गया फर्जी नंबर दिखाई देता था। कॉल करने पर वह नंबर सीधे इनके इस कथित कॉल सेंटर के पास फॉरवर्ड हो जाता। ठग खुद को नेटफ्लिक्स, अमेजॉन, एंटीवायरस कंपनियों या अन्य तकनीकी सेवाओं के कस्टमर सपोर्ट प्रतिनिधि बताते और लोगों को ईमेल लॉगिन इश्यू, पॉप-अप इश्यू, या डिवाइस डायग्नोस के नाम पर डराकर महंगी सर्विस फीस चार्ज करते। असल में कोई तकनीकी मदद नहीं दी जाती थी, बल्कि पैसे ऐंठे जाते थे। गिरोह के कर्मचारियों को प्रति माह 40-50 हजार रुपये वेतन मिलता था, जबकि विदेशियों से हजारों डॉलर वसूले जाते थे।

### ये आरोपी काबू

गिरफ्त में आए शातिर दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड और यूपी आदि के रहने वाले हैं। आरोपियों की पहचान लाजपत नगर निवासी नैफी अरसलान, अंबेडकर नगर निवासी फहाद खान, करमपुरा निवासी राजू कनवाल, लक्ष्मी नगर निवासी मयंक उर्फ एरिक, रोहिणी निवासी पुलकित, पश्चिमपुरी निवासी पंकज चावला, लखनऊ निवासी अभिनय, जीरकपुर पंजाब निवासी दमन चंद्रा, उधम सिंह नगर निवासी गौरव, लुधियाना निवासी राजीव, जयपुर निवासी चेतन, गाजीपुर निवासी मोहम्मद जोहेब, पूर्वी दिल्ली निवासी राहुल चावला, लक्ष्मी नगर निवासी आशुतोष, कानपुर निवासी समर खान, गुड़गांव निवासी ध्रुव मोंगरे, मुजफ्फरनगर निवासी रमन, भजनपुरा निवासी सन्नी आदि के रूप में हुई है। इनमें मयंक इस पूरे मामले का मास्टर माइंड है। मयंक सहित नैफी अरसलान, फहाद खान, राजू कनवाल और पुलकित को पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

---

**दस साल के मासूम की ड्रेन में मिली थी साइकिल, बुधवार सुबह से लापता**

# आनंद को दिनभर ड्रेन में ढूंढ़ती रही गोताखोर टीम

वीरवार सुबह से देर शाम तक ड्रेन में किश्तियों से चला बचाव अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

लाइनपार क्षेत्र से लापता दस वर्षीय मासूम का एक दिन बीत जाने के बाद भी सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस और रेस्क्यू टीम उसे ड्रेन में तलाश रही हैं। वीरवार को सुबह से देर शाम तक ड्रेन में किश्तियों के सहारे सर्च अभियान जारी रहा, लेकिन मासूम का कुछ सुराग नहीं लगा। इस वजह से परिजनों और पुलिस की परेशानी बढ़ी हुई है। दरअसल, यूपी के गाजीपुर का निवासी सुनील यहां लाइनपार के अशोक विहार में रहता है। उसका दस वर्षीय बेटा आनंद बुधवार की सुबह साइकिल लेकर घर से बाहर गया था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की। परिजन तलाशते तलाशते शाम को लाइनपार में इस्कॉन मंदिर के साथ स्थित ड्रेन पर पहुंचे तो वहां एक महिला ने बताया कि सुबह के वक्त उसे ड्रेन में साइकिल जैसा कुछ गिरता नजर आया था। महिला की इस बात के बाद परिजनों और लोगों ने माइनर में तलाश शुरू की तो बच्चे की साइकिल बरामद हुई।

### ऐसे चला बचाव अभियान

वीरवार की सुबह गोताखोर टीम बुलाई गई। सुबह से लेकर शाम तक गोताखोर और पुलिस ड्रेन में किश्ती के माध्यम से बच्चे को तलाशते रहे लेकिन वह नहीं मिला। लाइनपार थाना एसएचओ परमजीत का कहना है कि बच्चे के ड्रेन में गिरने की आशंका है। उसे तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं।

---

## राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में साक्षी द्वितीय



■ 58वीं हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली कुश्ती में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

16 से 18 सितंबर तक सोनीपत में आयोजित 58वीं हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास की छात्रा साक्षी गोरिया द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। डीपीई हितेश गर्ग ने बताया कि सोनीपत के खरखौदा में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता में साक्षी ने अंडर-17 आयुवर्ग के 46 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए यह स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर के रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने साक्षी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जूडो खिलाड़ी शौर्य ने जीता कांस्य पदक



■ कुरुक्षेत्र के लाडवा में आयोजित हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

कुरुक्षेत्र के लाडवा में हुए स्कूली स्टेट गेम्स में बहादुरगढ़ के डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में संचालित सरकारी जूडो सेंटर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। अर्जुन अवार्डी कोच पूनम चोपड़ा ने बताया कि शौर्य रावत ने स्कूल स्टेट गेम्स में अंडर-17 आयु वर्ग में कांस्य पदक जीता। जतिन ने अंडर-17 आयुवर्ग व 55 किलो भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। खेलप्रेमियों ने शौर्य को जमकर सराहा।

## फोगाट बने एचएसईबी वर्कर यूनियन के सर्कल सचिव



**बहादुरगढ़।** एचएसईबी वर्कर यूनियन की एडहॉक कमेटी के आह्वान पर वीरवार को झज्जर सर्कल सचिव का चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी नरेंद्र बेनीवाल, आरएस मल्हान की अगुवाई में ये त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। इसमें बिजेंद्र फोगोट को निर्विविरोध सर्कल सचिव चुन लिया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र देशवाल, सुरेंद्र कादियान, राजीव छिल्लर, प्रदीप कटारिया, लोकेश शर्मा आदि भी उपस्थित रहे। सर्कल सचिव फोगाट ने अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्ण निभाने का भरोसा दिलाया। तमाम कर्मचारियों ने बिजेंद्र फोगाट को बधाई दी।

---

**कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने फुटवियर पार्क में किया राष्ट्रीय विक्रेता विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ**

# जीएसटी घटने से फुटवियर उद्योग का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

प्रदेश के राजस्व और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने फुटवियर पार्क में आयोजित राष्ट्रीय विक्रेता विकास कार्यक्रम-प्रदर्शनी (वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम कम एग्जीबिशन) का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जीएसटी कम होने से भारतीय उत्पादों का रेट कम होने से मार्केट बढ़ेगी और आर्थिक उन्नति सुनिश्चित होगी। बता दें कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई-डेवलपमेंट ऑफिस करनाल) के तत्वावधान में बहादुरगढ़ फुटवियर डेवलपमेंट सर्विस (बीएफडीएस) के सहयोग से यह प्रदर्शनी लगाई गई। यहां बीसीसीआई और एफडीडीआई के पदाधिकारियों ने विपुल गोयल का भव्य स्वागत किया। मंत्री गोयल ने दीप प्रज्वलित करते हुए प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि फुटवियर पर जीएसटी कम होने से जूता उद्योग का विस्तार होगा। जूतों का मूल्य कम होने से दूसरे देशों में एक्सपोर्ट बढ़ेगा।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बड़ा कदम

प्रधानमंत्री मोदी का यह बड़ा कदम उनकी दूरदर्शिता व देश के विकास व राष्ट्रीय छवि के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि टैरिफ मामले में भारत के मजबूत निर्णयों के बाद अब विश्व के बड़े देश भी भारत की सराहना कर रहे हैं। जिस अमेरिका ने टैरिफ बढ़ाया उसी देश के राष्ट्रपति अब मोदी की सराहना कर रहे हैं।

### फुटवियर डेवलपमेंट सर्विस की मांगों को पूरा करने का दिया आश्वासन

विपुल गोयल ने बहादुरगढ़ फुटवियर डेवलपमेंट सर्विस द्वारा रखी गई मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ में फुटवेयर इंडस्ट्री के विकास को लेकर सरकार की सोच बेहद सकारात्मक है। वे मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष उद्योगपतियों की मांगों को रखेंगे। उन्होंने फुटवियर उद्योग के उद्योगपतियों ने आह्वान किया कि वे सेवा पखवाड़े के दौरान श्रमिकों के वेलफेयर के लिए गतिविधियां आयोजित करें। इस मौके पर बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष जग्गा, फुटवियर पार्क के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, इंडिया सीएलई के अध्यक्ष पूर्ण डावरा, उपाध्यक्ष नरेंद्र छिकारा, सह सचिव पवन जैन, संरक्षक जगदीश शर्मा, केके सेठ, रविंद्र अग्रवाल, त्रिलोक नाथ गोयल, संतलाल मग्गा, संजय नारंग, रोहित देशवाल, संजीव चावला व एसीपी प्रदीप खत्री आदि मौजूद रहे।

---

## मानव अधिकारों के उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : बालकृष्ण

**झज्जर।** कहीं भी मानव अधिकारों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग की एडवाइजरी को सभी विभाग प्राथमिकता के साथ लागू करें। लोगों के अधिकारों की रक्षा करना प्रत्येक अधिकारी का दायित्व है। यह बात राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार आयोग का विश्व में विशेष स्थान है। देश का मानव अधिकार आयोग पूरी दुनिया में सबसे अधिक शिकायतें सुनने वाला आयोग है।

### 'ए' रेटिंग पाने वाला भारतीय मानव अधिकार आयोग, 92 प्रतिशत शिकायतों का होता है निपटारा





उन्होंने कहा कि आयोग को मिलने वाली 92 फीसदी शिकायतों का निपटान किया जाता है। यही कारण है कि आयोग को इस मामले में 'ए' रेटिंग मिली है। उन्होंने कहा कि आयोग केवल दिल्ली में बैठकर नजर नहीं रखता बल्कि धरातल पर उतरकर काम कर रहा है।

स्पेशल: बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन

फिक्शनल कैरेक्टर
शिखर चंद जैन



बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्ट:** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।



**86 साल पुराना कैरेक्टर:** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओर:** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैन:** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएं:** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंस:** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टॉड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेव:** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसे कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटी:** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन को:** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



## बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेष: रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।

# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवस:** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।



**होते हैं कई आयोजन:** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडा:** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन जू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

## खेलगीतों का अनूठा संकलन



बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *

**किताब:** गुमनाम खेलगीत, **लेखक:** अंकुर लेखक समूह, **चित्र:** पूजा के मेनन, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली

## हंसगुल्ले


**नैंसी:** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्या:** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसी:** मिनीमम (मिनी-मम)।
-खुशबू, ईमेल से

**पापा:** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकू:** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।
-कमल, रायपुर

**सोनू:** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू:** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए):** हां-हां, बिल्कुल सही।
-साकेत, बिलासपुर

## जीके क्विज-171

1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?



बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-170 का उत्तर:** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर

कहानी
विमला रस्तोगी

सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

# साहसी चैताली



कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहने हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईंटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।

सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी हो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

## रंग भरो-185

रंग भरो-185 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आशना, जांजगीर


वेदिका, बालोद


इज्यान, सूरजपुर


लक्षिका, कोरबा


अदिति, बंजारी



रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा

## रंग भरो 186

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### वैश्य कॉलेज में हुआ मेंटोर इंटरेक्शन सेशन

बहादुरगढ़। वीरवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में मैंटोर सैल द्वारा मेंटोर इंटरेक्शन सेशन का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज की लगभग 150 छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं को बताया कि मेहनत का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। समय का सदुपयोग करते हुए टैक्नोलॉजी को ज्ञानवर्धन के लिए हीइस्तेमाल करें। मैंटोर सैल की प्रवक्ता डॉ. भारती मिश्रा ने बताया कि महीने में 2 बार ऐसी कक्षाएं आयोजित होंगी। सभी मेंटोर ने अपना परिचय दिया तथा छात्राओं से मिली समस्याओं के बारे में चर्चा की।

### स्वच्छता पर चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

झज्जर। डीएलएसए सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि जिले में स्वच्छता पर विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना और समाज में स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए पैरा लीगल वॉलंटियर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे जिले के अलग-अलग गांवों में जाकर ग्रामीणों को स्वच्छता से संबंधित जानकारी देंगे। शुक्रवार से शुरु हो रहे अभियान के दौरान बादली, बहादुरगढ़, माछरौली, बेरी, साल्हावास, मातनहेल, दुल्हेड़ा, सौंधी, जाखौदा, अच्छेज गांवों में शिविर का आयोजन होगा।

## पेड़ लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

# सेवा पखवाड़े में शिक्षकों ने किया पौधरोपण



झज्जर। संस्थान परिसर में पौधरोपण करते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण के दौरान उपस्थित स्वयंसेवक एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ा में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान अधीक्षक राजकंवर अहलावत ने बताया कि आगामी दो अक्टूबर तक चलने वाले इस सेवा पखवाड़े के चलते वीरवार को संस्थान परिसर में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

### पौधरोपण व स्वच्छता का दिया संदेश

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की रैडक्रॉस, एनएसएस व आऊटरीच सैल की स्वयंसविकाओं ने सेवा पखवाड़े के दौरान रेलवे पार्क में पौधरोपण किया और 35 पौधे वितरित किए। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने स्वयंसेविकाओं से कहा कि पौधरोपण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण आपस में जुड़े हुए है।

रैडक्रॉस प्रभारी डा. शालू शर्मा ने बताया कि पौधे वितरण के दौरान राधा, रमेश कुमार आदि ने महाविद्यालय की इस मुहिम की प्रशंसा की। एनएसएस एवं आउटरीच सैल प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने स्वयंसेविकाओं को शपथ दिलाई कि वे प्रकृति से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं।

### राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में पेड़-पौधों की निराई-गुड़ाई की

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में वीरवार को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी पिंकी रानी ने बताया कि बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान करते हुए जहां पेड़-पौधों की निराई-गुड़ाई की वहीं शिक्षकों के साथ मिलकर पौधरोपण भी किया। इस मौके पर सोनू रानी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### दूबलधन, मलिकपुर, मांगावास गांवों में चलाया सफाई अभियान



बेरी। महिलाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए ब्लाक कॉर्डिनेटर पूनम सैनी।

बेरी। सेवा पखवाड़ा के तहत वीरवार को दूबलधन, मलिकपुर व मांगावास गावों में सफाई अभियान चलाया गया। एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने कहा कि समाज में हर व्यक्ति को अपने घर और आस-पास के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना चाहिए। वहीं ब्लॉक कॉर्डिनेटर पूनम सैनी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत गांव दूबलधन, मलिकपुर, धांधलान, मांगावास आदि में सफाई अभियान चलाया गया। महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

## न्यूज डायरी

### होड़, दौड़ और मरोड़ में नहीं हो सकती भक्ति



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में श्रीराम कथा सुनाते हुए स्वामी उमानंद।


झज्जर। होड़, दौड़ और मरोड़ में भक्ति नहीं होती है। आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ की चालाकी से किसी ने भगवान के दर्शन किए हो। भगवान को तो हमेशा सरल हृदय ही पसंद है। यह बात स्वामी उमानंद ने बाबा कांशीगिरी मंदिर में आयोजित श्री राम कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं को भक्ति का महत्व बताते हुए कही। उन्होंने कहा कि कथा में टोटके नहीं होते और जहां टोटके होते हैं वहां कथा नहीं होती है। कथा जीवन जीने के सूत्र बताती है। उन्होंने कहा कि कुछ भी कहने से पहले शास्त्र को पढ़ लेना जरूरी होता है और यदि शास्त्र नहीं पढ़े तो अनर्गल वार्तालाप से बचना चाहिए। कर्म का महत्व समझाते हुए स्वामी उमानंद ने कहा कि जो बीज हमने बोया ही नहीं, वह फसल हम कैसे काट सकते है। ऐसे ही अगर जीवन में दुःख, तकलीफ और कष्ट हैं तो समझ लेना कहीं ना कहीं उसके बीज बोए गए है।

### नशा छोड़ने व जल-संरक्षण का संदेश दिया



झज्जर। गीतों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए भजन मंडली।

झज्जर। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भजन मंडलियों ने बुधवार को विभिन्न गांवों में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण जनता को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना व हर पात्र व्यक्ति इन योजनाओं मिल सके। सांस्कृतिक व भजन पार्टियों के कलाकारों ने नशा मुक्त समाज बनाने का आह्वान करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।



बेरी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

बेरी। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। समाधान शिविर में प्रमुख तौर से प्रॉपर्टी आईडी, पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें दर्ज हुई।

# बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में मानसी ने पाया पहला स्थान



झज्जर। होनहार प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह।

### ये रहे परिणाम

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय झज्जर की मानसी ने पहला, महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय की पूजा ने दूसरा और राजकीय महाविद्यालय बहू की प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय कुलाना की अनामिका ने पहला, राजकीय महाविद्यालय छारा के अजय राठौर ने दूसरा और केंद्रीय विद्यालय की महक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में एसआईएएसटीई की मंदिरा ने पहला, खुशी ने दूसरा और संस्कृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को तीन हजार रुपए, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को दो हजार रुपये और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

■ नेहरू महाविद्यालय में एक दिवसीय बाजार : पर्यावरण जागरूकता पहल कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में एक दिवसीय बाजार : पर्यावरण जागरूकता पहल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के विकास के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण जैसी चुनौतियों का समाधान करने में हमारे युवा सक्षम हैं। दुनिया भर में औद्योगिकीकरण से पर्यावरण संरक्षण एक चुनौतीपूर्ण काम है। वहीं प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के 11 कॉलेजों, केंद्रीय विद्यालय और आईटीआई गुढ़ा की टीमों ने भाग लिया।

इस दौरान क्विज, पोस्टर मेकिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। पर्यावरण जागरूकता पर केंद्रित वस्तुओं के 21 स्टॉल लगाए गए, जहां आगंतुकों ने खरीदारी भी की।

### मेगा शिविर में 112 युवाओं ने किया रक्तदान



झज्जर। बैज लगाकर रक्तदाता का हौसला बढ़ाते हुए अतिथि एवं संस्था सदस्य।

झज्जर। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा स्थानीय बस स्टैंड पर कैंसर रोगियों की सहायतार्थ एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में रोडवेज जीएम संजीव तिहाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की जबकि ट्रैफिक मैनेजर प्रमोद, स्टेशन सुपरवाइजर सुभाष तथा यूनियन प्रधान रामबीर विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर जहां उनका उत्साह बढ़ाया वहीं प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया। शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य एम्स संस्थान बाढ़सा की टीम ने किया। शिविर में 112 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी बृजेश कौशिक, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन से पूनम देशवाल, एडवोकेट बीडी मिश्रा, कृष्णा, मनोज, अशोक, सुभाष, कंवर, विजय, सतीश, अश्वनी, आशु, साहिल, अजीत, स्नेहा, प्रियंका, आदित्य, विकास धनखड़, नमन, जतिन, जितेंद्र, प्रीति सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### बीआरजी ने मैत्रायणा के साथ खेला नेटबॉल मैच

बहादुरगढ़। दक्षिण दिल्ली की संस्था मैत्रायणा के साथ मिलकर बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप ने वंचित वर्ग की बेटियों के साथ एक मैत्रीपूर्ण नेटबॉल मैच खेला। इस मैच का उद्देश्य बेटियों को खेलों से जोड़ना और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देना रहा। बीआरजी ग्रुप की ओर से दीपक छिल्लर, मुकेश दहिया, ममता दहिया, ब्रह्मप्रकाश मान, गुलाब सिंह, अमनदीप, संदीप छिल्लर, मंजीत और मनोज पांडेय ने मैच में हिस्सा लिया। वहीं, मैत्रायणा टीम की ओर से प्रीति, मनीषा, ट्विंकल, निशा, बबली, सोनम और कविता ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बीआरजी ने इस दौरान मैत्रायणा संस्था को आर्थिक सहयोग भी किया। ये वंचित बेटियों पहली बार वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में 21 और 10 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लेंगी। बीआरजी के संस्थापक दीपक छिल्लर ने बताया कि मैत्रायणा के संस्थापक रोहित दक्षिण दिल्ली में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने और नेटबॉल जैसे खेलों में राष्ट्रीय स्तर तक तैयार करने में जुटे हैं। इस दौरान तरुण वालेचा भी बतौर मेंटर मौजूद रहे।





बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को नियमों की जानकारी देते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

### विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी

बहादुरगढ़। पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को मांडोठी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व शहर में स्थित नवयुग हाई स्कूल में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान समन्वय टीम प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट, सीट बेल्ट की अनिवार्यता, तेज गति और नशे में वाहन चलाने से होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से समझाया। हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह सड़क पर चलते समय नियमों का पालन करें। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। छात्रों ने भी वायदा किया कि वे खुद नियमों का पालन करेंगे और परिवार व मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### कॉलेज में एड्स पर हुई जागरूकता गतिविधियां

बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रॉस यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी एड्स की जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शनी तथा एचआईवी/एड्स जागरूकता पर आधारित डॉक्यूमेंट्री में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य दलबीर सिंह और उपप्राचार्या सुमन हुड्डा के निर्देशन में वाईआरसी तथा आरआरसी प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. मोनिका के मार्गदर्शन में ये गतिविधियां हुई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दीपिका, काजल, गरिमा, ईशीता, रितेश और पलक ने शानदार पोस्टर बनाए। निर्णायक मंडल में डॉ अरुण कुमार, रचना व डॉ. विकास यादव शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रकोष्ठ सदस्य अंजलि और भावना ने भी कार्यक्रम के आयोजन में अपना योगदान दिया।




बहादुरगढ़। विजेता व प्रतिभागी छात्रों के साथ प्रिंसिपल व कॉलेज स्टॉफ।

## सीएचसी डीघल में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की नींव : डॉ. जयमाला

**कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डा. जयमाला ने किया**



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मंच पर उपस्थित छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत वीरवार को सीएचसी डीघल में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पीजीआईएमएस रोहतक के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट प्रोफेसर डॉक्टर नीलम कुमार, प्रोफेसर डॉक्टर मीनाक्षी, प्रोफेसर डॉक्टर मनोज कुमार सैनी, एसएमओ एनेस्थीसिया डॉक्टर नरेश कुमार ने शिरकत की। एसएमओ डॉक्टर नरेश कुमार ने बताया कि मेगा शिविर में महिलाओं एवं बच्चों के लिए थैलेसिमिया जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, मोतियाबिंद, दृष्टिबाधिता, क्षय रोग, स्किल सेल रोग आदि बीमारियों की जांच की गई। इस दौरान महिलाओं को दृष्टि जांच उपरांत चश्मे भी वितरित किए गए। सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की नींव है। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। आमजन को चाहिए कि वे स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराएं। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या भारती, एनसीडी नोडल ऑफिसर डॉ. आकृति हुड्डा, डॉ. राहुल, महिला विशेषज्ञ डॉ. कनुप्रिया, डॉ. सुमन धनखड़, डॉ. मनीषा, डेंटल सर्जन डॉ. अंजू, सुनीता, रीना, डॉ. संगीता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

■ महिलाओं को दृष्टि जांच उपरांत चश्मे वितरित किए गए

### सूचना

मैं, चिन्टू (Chintu) पुत्री मुकेश कुमार निवासी मकान नंबर-156, गांव सांखौल, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरे तमाम कागजातों में मेरा नाम चिन्टू (Chintu) है जो कि मैं अपने नाम के पीछे सरनेम एड करवाकर चिन्टू भारद्वाज (Chintu Bhardwaj) करवाना चाहती हूं। मुझे भविष्य में चिन्टू भारद्वाज (Chintu Bhardwaj) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

### सूचना

मैं, जिले सिंह पुत्र चंदगीराम निवासी गांव दुजाना तहसील बेरी जिला झज्जर अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र बलराम व उसकी पत्नी मायावती दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों से किसी भी प्रकार का लेन देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

इस्तहार बराए अखबार
न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी बहादुरगढ़
स्वीटी आदि बनाम कर्ण सिंह आदि
खेवट न0 138//116

To 1. कर्ण सिंह पुत्र राम रिछपाल पुत्र किशन सिंह मृतक बजरिए कानूनी वारसान 1(क) सर्वजीत चौधरी 1(ख) चारू चन्द्र चौधरी पुत्रान कर्ण सिंह निवासीयान बी-36, प्रथम तल, डिफैन्स कालोनी, नई दिल्ली 2. जीतकौर विधवा राजेन्द्र सिंह पुत्र जयनारायण मृतक बजरिए कानूनी वारसान (प्रत्यार्थी -0 3 व 4) 3. रानी पुत्री राजेन्द्र सिंह पुत्र जयनारायण 4. विनोद कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह पुत्र जयनारायण निवासीयान मकान न0 117, गली कन्दला कशान, चान्दनी चौक, फतेहपुरी दिल्ली-110006, 5. राजबाला पुत्री जयनारायण पुत्र विशन सिंह निवासी गांव बोहर; जिला रोहतक 6. राजेश पुत्र महेन्द्र सिंह पुत्र जयनारायण 7. कमलेश पुत्री महेन्द्र सिंह पुत्र जबनारायण निवासीयान मकान न0 117, गली कन्दला कशान, फतेहपुरी दिल्ली-110006, 8. दिलबाग पुत्र रूपचंद पुत्र झुण्डा 9. रामकुमार पुत्र रूपचंद पुत्र झुण्डा 10. राजकवार पुत्र रूपचंद पुत्र झुण्डा 11. राजपाल पुत्र रूपचंद पुत्र झुण्डा निवासीयान गांव बरकताबाद (नया गांव), तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर 12. सावित्री विधवा अनमोल पुत्र महेन्द्र सिंह 13. विपिन पुत्र अनमोल पुत्र महेन्द्र सिंह 14. सचिन पुत्र अनमोल पुत्र महेन्द्र सिंह निवासीयान मकान नं0 117, गली कन्दला कशान, फतेहपुरी, दिल्ली-11006, 15. श्रीमती सुमन पत्नी श्री समीर अहलावत पुत्र श्री महावीर निवासी 673/21, कैलाश कालोनी, रोहतक-124001, 16. बीरमती पत्नी सुखबीर पुत्र भलेराम निवासी गांव बरकताबाद, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर 17. अनीता पत्नी अनिल पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी 1090, मुखर्जी नगर, दिल्ली। 18. श्रीकृष्ण पुत्र लख्मीचंद पुत्र झुण्डा 19. दर्शन पुत्र लख्मीचंद पुत्र झुण्डा 20. जोगिन्द्र पुत्र लख्मीचंद पुत्र झुण्डा निवासीयान गांव बरकताबाद, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर 21. निर्मला विधवा सतनारायण पुत्र लख्मीचंद 22. रेखा पुत्री सतनारायण पुत्र लख्मीचंद 23. लोकेश पुत्र सतनारायण पुत्र लख्मीचंद 24. दीपक पुत्र सतनारायण पुत्र लख्मीचंद निवासीयान गांव बरकताबाद, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर 25. अनिल पुत्र सुरेन्द्र सिंह पुत्र सरदार सिंह निवासी 1090, मुखर्जी नगर, दिल्ली।

स्वीटी आदि ने आपके विरूद्ध दरखास्त तकसीम बाबत खेवट न0 138//116, खतौनी न0 209 मौजा बरकताबाद, तह० बहादुरगढ़, जिला झज्जर दायर की हुई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 06/10/2.25 को दिन में 09:00 बजे दरखास्त का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए तलब किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे फलीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस बाद से सम्बन्धित साखवन प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वादी की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यह आज तारीख 15-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी बहादुरगढ़

इस्तहार बराए अखबार
न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी बहादुरगढ़
स्वीटी आदि बनाम कर्ण सिंह आदि
खेवट न0 137// 115

To 1. कर्ण सिंह पुत्र राम रिछपाल पुत्र किशन सिंह मृतक बजरिए कानूनी वारसान 1 (क) सर्वजीत चौधरी 1(ख) चारू चन्द्र चौधरी पुत्रान कर्ण सिंह निवासीयान बी-36, प्रथम तल, डिफैन्स कालोनी, नई दिल्ली 2. राजबाला पुत्री जयनारायण पुत्र विशन सिंह निवासी गांव बोहर, जिला रोहतक 3. राजेश पुत्र महेन्द्र सिंह पुत्र जयनारायण 4. कमलेश पुत्री महेन्द्र सिंह पुत्र जयनारायण निवासीयान मकान न0 117, गली कन्दला कशान, फतेहपुरी दिल्ली-110006, 5. दिलबाग पुत्र रूपचंद पुत्र झुण्डा 6. रामकुमार पुत्र रूपचंद पुत्र झुण्डा 7. राजकवार पुत्र रूपचंद पुत्र झुण्डा 8. राजपाल पुत्र रूपचंद पुत्र झुण्डा निवासीयान गांव बरकताबाद (नया गांव), तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर 9. अनीता पत्नी अनिल पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी 1090, मुखर्जी नगर, दिल्ली। 10. श्रीकृष्ण पुत्र लख्मीचंद पुत्र झुण्डा 11. दर्शन पुत्र लख्मीचंद पुत्र झुण्डा 12. जोगिन्द्र पुत्र लख्मीचंद पुत्र झुण्डा निवासीयान गांव बरकताबाद, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर 13. अनिल पुत्र सुरेन्द्र सिंह पुत्र सरदार सिंह निवासी 1090, मुखर्जी नगर, दिल्ली 14. सावित्री विधवा अनमोल पुत्र महेन्द्र सिंह 15. विपिन पुत्र अनमोल पुत्र महेन्द्र सिंह 16. सचिन पुत्र अनमोल पुत्र महेन्द्र सिंह निवासीयान मकान नं0 117, कन्दला कशान, फतेहपुरी, दिल्ली-11006
17. जीतकौर विधवा राजेन्द्र सिंह पुत्र जयनारायण मृतक बजरिए कानूनी वारसान (प्रत्यार्थी न0 18 व 19) 18. रानी पुत्री राजेन्द्र सिंह पुत्र जयनारायण 19. विनोद कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह पुत्र जयनारायण निवासीयान मकान न0 117, गली कन्दला कशान, चान्दनी चौक, फतेहपुरी दिल्ली-110006, 20. निर्मला विधवा सतनारायण पुत्र लख्मीचंद 21. रेखा पुत्री सतनारायण पुत्र लख्मीचंद 22. लोकेश पुत्र सतनारायण पुत्र लख्मीचंद 23. दीपक पुत्र सतनारायण पुत्र लख्मीचंद निवासीयान गांव बरकताबाद, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर 24. सुरेन्द्र सिंह पुत्र सत्यवीर सिंह पुत्र हरिराम निवासी मकान न0 478, गांव ककरोला, एन. एस. आई. टी. द्वारका, दक्षिण-पश्चिमी, दिल्ली-110078, 25. कृष्ण कुमार पुत्र भगवानी प्रसाद पुत्र बन्टी 26. सतीश कुमार पुत्र भगवानी प्रसाद पुत्र बन्टी 27. दिलबाग सिंह पुत्र भगवानी प्रसाद पुत्र बन्टी 28. वेदो विधवा सुरजभान पुत्र छोटू 29. राजल पुत्री सुरजभान पुत्र छोटू 30. सुनीता पुत्री सुरजभान पुत्र छोटू 31. सरिता पुत्री सुरजभान पुत्र छोटू 32. सुनील पुत्र सुरजभान पुत्र छोटू 33. ईश्वर पुत्र सुरजभान पुत्र छोटू 34. सोनू पुत्र सुरजभान पुत्र छोटू 35. मोहर सिंह पुत्र भोड़ू पुत्र यादराम 36. रामफल पुत्र जुगतीराम पुत्र बसाउ 37. रामकंवार पुत्र जुगतीराम पुत्र बसाउ 38. जयसिंह पुत्र जुगतीराम पुत्र बसाउ 39. माया देवी विधवा अशोक कुमार पुत्र जुगतीराम 40. मुनीष पुत्र अशोक कुमार पुत्र जुगतीराम 41. मनीष पुत्र अशोक कुमार पुत्र जुगतीराम 42. डिम्पी पुत्री राजकंवार पुत्र रूपचन्द सभी निवासीयान गांव बरकताबाद, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर

स्वीटी आदि ने आपके विरूद्ध दरखास्त तकसीम बाबत खेवट न0 137//115, खतौनी न0. 196 ता 208 मौजा बरकताबाद, तह0 बहादुरगढ़, जिला झज्जर दायर की हुई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 06-10-2025 को दिन में 09:00 बजे दरखास्त का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए तलब किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे पलीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस बाद से सम्बन्धित सारन प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वादी की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यह आज तारीख 15-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी बहादुरगढ़

# देश के विख्यात शिल्पगुरु राजेंद्र बोंदवाल को मुख्यमंत्री ने दिया विश्वकर्मा गौरव सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हस्तशिल्प के क्षेत्र में देश के विख्यात बोंदवाल परिवार के सदस्य एवं शिल्पगुरु राजेंद्र प्रसाद बोंदवाल को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विश्वकर्मा गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। वे इससे पहले राष्ट्रपति के हाथों नेशनल अवार्ड तथा शिल्पगुरु सम्मान भी प्राप्त कर चुके हैं।

जी हां, रोहतक में आयोजित राजकीय समारोह में सीएम नायब सैनी ने बहादुरगढ़ की नई बस्ती निवासी राजेंद्र बोंदवाल को विश्वकर्मा गौरव अवार्ड के साथ सम्मानित किया। वीरवार को राजेंद्र प्रसाद का बहादुरगढ़ में भव्य स्वागत किया। बता दें कि इससे पहले राजेंद्र प्रसाद बोंदवाल को 1984 में हाथी दांत पर की गई नक्काशी के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया था। राजेंद्र प्रसाद को महामहिम राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने वर्ष 2015 के लिए शिल्पगुरु अवार्ड से सम्मानित किया। उन्हें यह अवॉर्ड एक लकड़ी के फ्रेम पर बेहद बारीक कला में चिड़िया व फूल-पत्ती बनाने के लिए दिया गया था।




■ बोंदवाल को 1984 में हाथी दांत पर की गई नक्काशी के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने राष्ट्रीय अवॉर्ड से किया था। सम्मानित

दरअसल, हाथी दांत के बाद लकड़ी पर महीन कारीगरी करने के लिए विख्यात बोंदवाल परिवार के सदस्य महावीर बोंदवाल को साल 1979 में तत्कालीन राष्ट्रपति नीलम संजीवा रेड्डी ने हाथी दांत पर की गई नक्काशी के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया था। फिर उनके भाई राजेंद्र बोंदवाल को 1984 में हाथी दांत पर की गई नक्काशी के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया था। वर्ष 1999 में इनके पिता जयनारायण बोंदवाल को चंदन की लकड़ी पर नक्काशी करने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया था। महाबीर प्रसाद के पुत्र चंद्रकांत बोंदवाल को 2004 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर अब्दुल कलाम आजाद ने राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया था। फिर उनके पुत्र सूर्यकांत बोंदवाल को भी हस्तकला के लिए 2013 में नेशनल मेरिट अवॉर्ड मिला था।

# आरजू ने जीता मिस हरियाणा का खिताब ग्रैंड फिनाले में आज उतरेंगी मंच पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

संखोल की आरजू ने दिल्ली के द्वारका सेक्टर-13 स्थित रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित प्राइड ऑफ इंडिया मिस हरियाणा 2025 प्रतियोगिता में जीत का ताज अपने नाम किया है। अब आरजू हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए प्राइड ऑफ इंडिया मिस इंडिया के ग्रैंड फिनाले में 19 सितंबर को मंच पर उतरेंगी। आरजू ने पहली से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई श्रीराम भारती पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ से की। वर्तमान में वह एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। पढ़ाई के साथ-साथ आरजू ने मॉडलिंग और पर्सनेलिटी डेवलपमेंट पर भी विशेष ध्यान दिया है। प्रतियोगिता में आरजू की जीत की खबर मिलते ही उनके परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। पिता अजय कुमार ने बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षण उनके लिए बेहद खास है। उन्होंने कहा कि आरजू ने न केवल परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि बहादुरगढ़ और पूरे हरियाणा को गौरवान्वित किया है। अब 19 सितंबर को आयोजित होने वाले प्राइड ऑफ इंडिया मिस इंडिया प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में आरजू हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी।

■ एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं प्रदेश की बेटी

■ श्रीराम भारती पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ से की है पढ़ाई

**परिवार ने बढ़ाया हौसला:** आरजू ने कहा कि उनकी इस सफलता का श्रेय उनके परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों को जाता है, जिन्होंने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया। उनका सपना मिस इंडिया का ताज जीतकर हरियाणा और देश का नाम रोशन करना है।



## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। बच्चे को आशीर्वाद देने पहुंचे मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

### मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने दिया आशीर्वाद

**बहादुरगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत के निवास पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा पहुंचे। उन्होंने राम अहलावत के भतीजे रोनित को जन्मदिन की शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। शाम को मंत्री डॉ. शर्मा अहलावत के निवास पर पहुंचे थे। उन्होंने परिवारजनों से आत्मीय भेंट की और शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान संजय जून, विनोद, संदीप राठी, मनोज राठी, मुकेश कौशिक सहित कई लोग भी उपस्थित रहे।

### साइंस क्विज में आरईडी स्कूल की टीम द्वितीय



झज्जर। निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत के साथ विजेता विद्यार्थी।

**झज्जर।** पानीपत के आर्या मॉडल स्कूल में आयोजित जोनल लेवल साइंस क्विज में आरईडी विद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। अध्यापिका गीता गाबा ने बताया कि उनके संस्थान के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी प्रियांशी, जैसमीन और शुभम अब जिला स्तरीय क्विज में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। आरईडी शाखाओं के निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# छोटूराम नगर में घट रहा पानी लेकिन हालात अब भी गंभीर

## गंदे पानी से फैल रही बीमारियां, डायरिया से बुजुर्ग महिला की मौत

तीन ट्रैक्टर और एक इंजन लगाकर बस्ती में भरे पानी को ड्रेन में छोड़ा जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

तेज बरसात और ड्रेन टूटने के बाद गंभीर जलभराव की मार झेल रहे छोटूराम नगर में अब पानी का स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। ड्रेन में जलस्तर नीचे जाने के बाद प्रशासन ने राहत कार्यों में तेजी लाई है। तीन ट्रैक्टर और एक इंजन लगाकर बस्ती में भरे पानी को ड्रेन में छोड़ा जा रहा है। इसके बावजूद कई गलियों में अब भी तीन से चार फुट तक पानी जमा है, जिससे लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रहीं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी निकालने के लिए लगाए गए इंजन और ट्रैक्टर अपर्याप्त हैं। बस्ती के कई हिस्सों से पानी की निकासी के लिए और मशीनें लगाने की जरूरत है, ताकि जल्द से जल्द राहत मिल सके। फिलहाल छोटूराम नगर का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी चालू नहीं हो पाया है। एसटीपी के शुरू होते ही पानी निकासी की प्रक्रिया और तेज होगी व हालात में तेजी से सुधार की उम्मीद है। फिलहाल गलियों में गंदा सीवरेज और ड्रेन का पानी बह रहा है, जिससे संक्रामक रोग तेजी से फैल रहे हैं। अब तक कई लोग पेट दर्द, उल्टी-दस्त और डायरिया जैसी बीमारियों की चपेट में आ चुके हैं। हाल ही में यहां डायरिया से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। प्रशासन और निजी अस्पतालों की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच और उपचार के लिए मेडिकल कैंप लगाए जा रहे हैं। पानी भरे रहने के कारण कई मजदूरों का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। क्षेत्र की कई दुकानें बंद पड़ी हैं, जबकि कुछ परिवार अस्थायी रूप से अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। प्रभावित लोग अब भी बस्ती में रह रहे हैं, वे प्रशासन और समाजसेवी संस्थाओं द्वारा दी जा रही मदद पर निर्भर हो गए हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में फिर से बारिश की संभावना जताई है। इससे प्रभावित परिवारों की चिंता बढ़ गई है।



■ कई गलियों में अब भी तीन से चार फुट तक पानी , जिससे लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रहीं

■ अब तक कई लोग पेट दर्द, उल्टी-दस्त और डायरिया जैसी बीमारियों की चपेट में आ चुके हैं

# जीडी गोयनका स्कूल में मनाया ग्रैंडपेरेंट्स डे



**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की प्री-नर्सरी कक्षाओं में वीरवार को ग्रैंडपेरेंट्स-डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दादा-दादी और नाना-नानी को सम्मानित करते हुए बच्चों ने उनके प्रति कृतज्ञता और स्नेह व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्नों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट और उल्लास से गूंज उठा। बच्चों ने अपने दादा-दादी के साथ नृत्य किया। इस अनोखी गतिविधि का सभी ने भरपूर आनंद लिया और यह पल सभी के लिए यादगार बन गया। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अपने दादा-दादी और नाना-नानी के साथ मंच पर बच्चों की आत्मीयता उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। स्कूल प्रधानाचार्या ने कहा कि बुजुर्ग हमारे जीवन मूल्यों और परंपराओं के संरक्षक होते हैं।

■ स्कूल ने बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी को किया सम्मानित



बहादुरगढ़। रामकंवार सैनी व रमेश आर्य का स्वागत करते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

## सैनी व आर्य का किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन बनाए गए रामकंवार सैनी व रमेश आर्य का मंडल भाजपा की ओर से स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष एवं ग्रीवेंस कमेटी मेंबर संजय सैनी ने कार्यालय पर पूरी कार्यकारिणी के साथ दोनों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर धर्मेंद्र सैनी, दीपक सैनी, संदीप मंत्री, आशु सैनी, रविंद्र राठी, राज सिंह यादव, संजीत राठी, सूरज जाटव, विनय वाल्मीकि, राजकुमार खुराना, सचिन सैनी व अरुण अहलावत आदि मौजूद रहे।

## 68 शिक्षकों, 24 विद्यालयों एवं 18 मेंटर्स को सराहना प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया

**झज्जर।** शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में टॉप टीचर एंड स्कूल अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के उन 68 शिक्षकों, 24 विद्यालयों एवं 18 मेंटर्स को सराहना प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया जो संपर्क फाउंडेशन किट, सामग्री और ऐप का उपयोग करते हुए फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमेरेसी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में डीईओ राजेश कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है। संपर्क के नवाचारी टूल्स के माध्यम से बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने की यह पहल सराहनीय है। संपर्क फाउंडेशन के कार्यक्रम समन्वयक अमित कुमार ने बताया कि विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला परियोजना समन्वयक सुशील भारती, उप जिला शिक्षा अधिकारी रतिंदर सिंह, अनिल शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट, डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने शिरकत की। सुशील भारती ने अपने संदेश में कहा कि निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में इस तरह के नवाचारी प्रयासों की अहम भूमिका है। उप जिला शिक्षा अधिकारी रतिंदर सिंह ने कहा, शिक्षण के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के एकीकरण से सीखने-सिखाने की प्रक्रिया रोचक बनी है।




झज्जर। शिक्षकों को सम्मानित करते हुए जिला परियोजना समन्वयक सुशील भारती व अन्य।

## मेहंदी में हिमांशी तो रंगोली में तनीषा ने मारी बाजी

**बहादुरगढ़।** जसोरखेड़ी स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में वीरवार को प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्या डॉ. संदीप किराड़ की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेहंदी में हिमांशी पहले, खुशी दूसरे और नैंसी तीसरे स्थान पर रही। रंगोली में तनीषा ने पहला, राशी ने दूसरा और गीतू ने तीसरा स्थान पाया। निबंध में दीक्षा, तमन्ना व महक क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में नेहा, रितु-तमन्ना, वंदना शीर्ष तीन पायदान पर रहीं। सुनील कुमार, अजय कुमार, डॉ. सुनील निर्णायक मंडल में शामिल थे। डॉ. प्रियंका अग्रवाल की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



बहादुरगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान रंगोली बनातीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



## एलए स्कूल में तुषार बने हेडबॉय और अक्षिता बनी हेड गर्ल

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरिमनी का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि सेशन 2025-2026 के दौरान हेड बॉय के रूप में तुषार, हेड गर्ल के रूप में अक्षिता व स्कूल कैप्टन के रूप में भूमिका का चयन किया गया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया ने चयनित विद्यार्थियों को सैश पहनाकर व बैज लगाकर सम्मानित किया। इस सत्र के लिए प्रेसिडेंट के रूप में धृती व साहिल, वाइस प्रेसिडेंट जिया व वंशिका को चुना गया। हाऊस कैप्टन के चुनाव में लॉयल्टी हाऊस से भारत को हाऊस कैप्टन तथा रिंकी को वाइस कैप्टन बनाया गया। करेज हाऊस में अमायरा को हाऊस कैप्टन तथा रिद्धि को वाइस कैप्टन, करटेसी हाऊस से दिव्या छिक्कारा को कैप्टन तथा प्रशांत को वाइस कैप्टन, पीस हाऊस से खुशी को कैप्टन तथा खुशी कुमारी को वाइस कैप्टन बनाया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900



वार्षिक उत्सव | जीव उपचार केंद्र पर दसवां वार्षिक उत्सव शुरू

# कलयुग में गोमाता की सेवा से ही हम दुखों से रह सकते हैं दूर : डॉ स्वामी दिव्यानंद

■ रामवतार गोयल गौ एवं वन्य जीव उपचार सेवा केंद्र में दसवां वार्षिक उत्सव मनाया

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी इस धार्मिक आयोजन में पहुंचकर लिया आशीर्वाद



बहादुरगढ़। गोपूजा करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व अन्य। - रवींद्र राठी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के बादली रोड पर स्थित सेठ रामवतार गोयल गौ एवं वन्य जीव उपचार सेवा केंद्र पर वीरवार को दसवें वार्षिक उत्सव का धूमधाम से शुभारंभ हुआ। स्वामी गीतानंद महाराज और डॉ स्वामी दिव्यानंद भिक्षु महाराज के विशेष सान्निध्य में सबसे पहले विधि विधान से कामधेनु यज्ञ कराया गया। इसके बाद गौ पूजन और गौ दान का कार्यक्रम रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी इस धार्मिक आयोजन में पहुंचकर गौमाता व डॉ स्वामी दिव्यानंद भिक्षु महाराज का आशीर्वाद लिया। उन्होंने जीव सेवा कार्य को देखकर गौधन सेवा समिति की प्रशंसा की। डॉ स्वामी दिव्यानंद भिक्षु महाराज ने कहा कि कलयुग में गौमाता की सेवा से ही हम सभी दुखों से दूर रह सकते हैं। हम सभी को अपने अपने सामर्थ्य अनुसार बेसहारा गौमाता व नंदी महाराज की सेवा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गोमाता में 36 करोड़ देवी देवताओं का निवास होता है। हमें अवसर मिलने पर गोमाता की सेवा अवश्य करनी चाहिए। शाम को किला मौहल्ला में श्री गो गोपाल भक्ति कथा का आयोजन किया गया।

### इन्होंने किया सहयोग

इस दौरान चेयरपर्सन सरोज राठी की उपस्थिति में उपांशु राठी, मनीषा सैनी, नीतिन अग्रवाल, सुनील शर्मा, सुनील राठी (सानू), सविता निजामपुर, जितेंद्र राठी, यशपाल दलाल, नीलू कक्कड़, रविंद्र कूक्कू राठी, विनोद कौशिक, विष्णु भगवान, लक्ष्मी देवी, वेदप्रकाश आदि ने गोसेवा में सहयोग किया।

## हस्तलेखन स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में विद्यार्थियों के बीच अंतर-सदनीय हिंदी और अंग्रेजी हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो श्रेणियों में विभाजित इस प्रतियोगिता में 6 से 8 कक्षा तक के वर्ग की हिंदी हस्तलेखन प्रतियोगिता में रिस्पेक्ट हाऊस की छात्रा कनिका ने प्रथम, ऑनेस्ट हाऊस के आदिया ने द्वितीय तथा और रिस्पेक्ट हाऊस के हर्षित ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंग्रेजी हस्तलेखन में करेज हाऊस से कशिश पहले, ऑनेस्ट हाऊस से गौरव दूसरे तथा ट्रस्ट हाऊस से यशिका तीसरे स्थान पर रही। कक्षा 9 से 10 तक की अंग्रेजी हस्तलेखन प्रतियोगिता में रितेश व चेष्टा को संयुक्त रूप से प्रथम, लक्षिता को द्वितीय तथा महक को तृतीय स्थान मिला। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में जहां हम सब कुछ टाइप करते हैं वहीं हस्तलेखन का महत्व कम होता जा रहा है।

## 7 करोड़ में बनेंगी सेक्टर-16 और 4-बी की सड़कें



**बहादुरगढ़।** हरियाणा राज्य औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम द्वारा विकसित सेक्टर-17, 16 और 4-बी सड़कों की हालत जल्द सुधरने वाली है। बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अनुसार निगम ने 7 करोड़ रुपए का टैंडर अलॉट कर दिया है और सप्ताह भर में सड़कों को बनाने का काम शुरू हो जाएगा। बता दें कि एचएसआईआईडीसी के सेक्टर-16 और 4-बी की सड़कों की हालत बेहद खस्ता और खराब थी। जिसके कारण सभी उद्योगों व आगंतुकों को आने-जाने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता था। बीसीसीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र छिकारा के अनुसार फुटवियर पार्क एसोसिएशन और बीसीसीआई के निरंतर प्रयासों और संघर्ष के उपरांत सेक्टर-17 की सड़कों के बाद अब सेक्टर-16 और 4-बी की सड़कों के लिए लगभग 7 करोड़ का टेंडर अलॉट किया जा चुका है। अगले एक सप्ताह के भीतर यहां की सड़कों के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने बार-बार चंडीगढ़ जाकर इस विषय पर खूब प्रयास किए और अब सफलता मिली है। उन्होंने निगम के एमडी यश गर्ग और अरुण पांडे समेत अन्य अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण के बाद औद्योगिक क्षेत्र को बड़ी राहत मिलेगी।